Set 13-14

विषय कोड / Subject Code : 334

पुस्तिका क्रम / Question Paper Series : A

विषय / Subject : **Commerce**

पुस्तिका में पृष्ठों की संख्या /
Number of Pages in Booklet : 32

3340437

पुस्तिका में प्रश्नों की संख्या /
Number of Questions in Booklet : 75

**प्रश्न पत्र – तृतीय / QUESTION PAPER - 3**

अनुक्रमांक / Roll No. (अंकों में / In figures) : ______

(शब्दों में / In Words) ........................................

समय / Time : $2\frac{1}{2}$ घंटे / Hours

पूर्णांक / Maximum Marks : 150

## INSTRUCTIONS :

1. Answer all questions.
2. All questions carry equal marks.
3. Only one answer is to be given for each question.
4. If more than one answers are marked, it would be treated as wrong answer.
5. Each question has four alternative responses marked serially as 1, 2, 3, 4. You have to darken the correct answer.
6. There will be no negative marking for wrong answer.
7. The candidate should ensure that Roll Number, Subject Code and Series Code on the Question Paper Booklet and Answer Sheet must be same after opening the envelopes. In case they are different, a candidate must obtain another Question Paper of the same series. Candidate himself shall be responsible for ensuring this.
8. Mobile Phone or any other electronic gadget in the examination hall is strictly prohibited. A candidate found with any of such objectionable material with him/her will be strictly dealt as per rules.
9. The candidate will be allowed to carry the carbon print-out of OMR Response Sheet with them on conclusion of the examination.
10. If there is any sort of ambiguity/mistake either of printing or factual nature then out of Hindi and English Version of the question, the English Version will be treated as standard.

***Warning :*** If a candidate is found copying or if any unauthorised material is found in his/her possession, F.I.R. would be lodged against him/her in the Police Station and he/she would liable to be prosecuted under Section 3 of the R.P.E. (Prevention of Unfairmeans) Act, 1992. Commission may also debar him/her permanently from all future examinations of the Commission.

## निर्देश :

1. सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए ।
2. सभी प्रश्नों के अंक समान हैं ।
3. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक ही उत्तर दीजिए।
4. एक से अधिक उत्तर देने की दशा में प्रश्न के उत्तर को गलत माना जाएगा ।
5. प्रत्येक प्रश्न के चार वैकल्पिक उत्तर दिये गये हैं, जिन्हें क्रमशः 1, 2, 3, 4 अंकित किया गया है। अभ्यर्थी सही उत्तर वाले गोलें को काला करें ।
6. गलत उत्तर के लिए ऋणात्मक अंकन नहीं किया जाएगा ।
7. प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक के लिफाफे की सील खोलने पर परीक्षार्थी यह सुनिश्चित कर लें कि उसके प्रश्न–पत्र पुस्तिका एवं उत्तर पत्रक पर समान रूप से अनुक्रमांक, विषय कोड एवं प्रश्न पुस्तिका की सीरीज अंकित है । इसमें कोई भिन्नता हो तो वीक्षक से प्रश्न–पत्र की ही सीरीज वाला दूसरा प्रश्न–पत्र का लिफाफा प्राप्त कर लें । ऐसा न करने पर जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी ।
8. मोबाईल फोन अथवा इलेक्ट्रोनिक यंत्र का परीक्षा हॉल में प्रयोग पूर्णतया वर्जित हैं। यदि किसी अभ्यर्थी के पास ऐसी कोई वर्जित सामग्री मिलती है तो उसके विरुद्ध आयोग द्वारा नियमानुसार कार्यवाही की जायेगी।
9. अभ्यर्थी अपने साथ उत्तर पत्रक की संलग्न कार्बन प्रति अपने साथ ले जा सकते हैं ।
10. यदि किसी प्रश्न में किसी प्रकार की कोई मुद्रण या तथ्यात्मक प्रकार की त्रुटि हो तो प्रश्न के हिन्दी तथा अंग्रेजी रूपान्तरों में से अंग्रेजी रूपान्तर मान्य होगा ।

चेतावनी : अगर कोई अभ्यर्थी नकल करते पकड़ा जाता है या उसके पास से कोई अनधिकृत सामग्री पाई जाती है, तो उस अभ्यर्थी के विरुद्ध पुलिस में प्राथमिकी दर्ज कराई जायेगी और आर. पी. ई. (अनुचित साधनों की रोकथाम) अधिनियम, 1992 के नियम 3 के तहत कार्यवाही की जायेगी। साथ ही आयोग ऐसे अभ्यर्थी को भविष्य में होने वाली आयोग की समस्त परीक्षाओं से विवर्जित कर सकता है।

1 Opportunity Cost Model of Human Resource Accounting is developed by :

(1) Lev and Schwartz (2) Flamholtz

(3) Hekiman and Jones (4) None of the above

मानव संसाधन लेखांकन का अवसर लागत मॉडल विकसित किया है :

(1) लेव एवं श्वार्टज ने (2) फ्लेमहोट्ज ने

(3) हेकिमिन और जोन्स ने (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

2 A profit centre is the unit that :

(1) is held responsible for the revenue earned and cost incurred in that centre.

(2) is the unit within the organisation that is responsible only for cost and expenses.

(3) is the unit within the organisation held responsible for cost, revenue and investment made in that centre.

(4) None of the above

लाभ केन्द्र एक इकाई है जो :

(1) उस केन्द्र में आय के उपार्जन एवं लागत के होने के लिए उत्तरदायी हैं।

(2) यह संस्था के भीतर एक इकाई है जो केवल लागत व व्ययों के लिए उत्तरदायी हैं।

(3) यह संस्था के भीतर एक इकाई हैं जो केन्द्र की लागत, आय व विनियोग के लिए उत्तरदायी हैं।

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

3 AS-25 is related to :

(1) Intangible Assets

(2) Financial reporting of interest in Joint Venture

(3) Borrowing Costs

(4) Interim financial reporting

लेखा मानक–25 सम्बन्धित है :

(1) अमूर्त सम्पत्तियाँ

(2) संयुक्त साहसों में हितों का वित्तीय प्रतिवेदन

(3) उधार लागतें

(4) अन्तरिम वित्तीय प्रतिवेदन

4 Statement I : Social accounting is defined as identification and recording of business activities regarding social responsibility.

Statement II : Human Resource Accounting is the process of identifying and measuring data about human resources and communicating this information to interested parties.

**Codes :**

(1) Statement I true, II false

(2) Both are true

(3) Statement I false, II true

(4) Both are false

कथन I : सामाजिक लेखांकन को व्यापारिक गतिविधियाँ जो सामाजिक उत्तरदायित्व से सम्बन्धित हैं, की पहचान व उनका लेखा करने के रूप में परिभाषित किया जाता हैं ।

कथन II : मानव संसाधन लेखांकन, मानव संसाधनों से सम्बन्धित आंकडों की पहचान व उनके मापन तथा इन सूचनाओं को हितधारकों तक पहुँचाने की प्रक्रिया है ।

कूट :

(1) कथन I सत्य, II असत्य

(2) दोनों सत्य

(3) कथन I असत्य, II सत्य

(4) दोनों असत्य

5 Beta measure is the index of :

(1) Zero risk (2) Unsystematic risk

(3) Systematic risk (4) None of the above

बीटा माप सूचकांक है :

(1) शून्य जोखिम (2) अव्यवस्थित जोखिम

(3) व्यवस्थित जोखिम (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

6 Mean variance model for portfolio analysis is developed by :

(1) Stephen Ross (2) William F. Sharpe

(3) Harry Markowitz (4) None of the above

पोर्टफोलियो विश्लेषण का 'माध्य' विचरण मॉडल विकसित किया :

(1) स्टीफन रोज ने (2) विलियम एफ. सार्पे ने

(3) हैरी मार्कविट्ज ने (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

7 Seidler model is related to :

(1) Human Resource Accounting

(2) Social Accounting

(3) Revaluation Accounting

(4) None of the above

सीडलर मॉडल सम्बन्धित है :

(1) मानव संसाधन लेखांकन से

(2) सामाजिक लेखांकन से

(3) पुनर्मूल्यांकन लेखांकन से

(4) उपरोक्त में से कोई नहीं

8 Statement I : Call option means purchases of securities at predetermined rates prior to end of option period.

Statement II : Speculators use derivatives as hedging tools.

**Codes :**

(1) Statement (I) is correct, but statement (II) is not correct

(2) Statement (II) is correct, but statement (I) is not correct

(3) Both statement (I) and (II) are correct

(4) Both statement (I) and (II) are incorrect

अभिकथन I : क्रय विकल्प का अर्थ है विकल्प अवधि के समाप्त होने से पूर्व प्रतिभूतियों को पूर्व निर्धारित मूल्य पर क्रय करना ।

अभिकथन II : सट्टेबाज व्युत्पत्तियों को एक रक्षक उपकरण की तरह काम लेते हैं ।

कूट :

(1) अभिकथन I सही है, किन्तु (II) सही नहीं है

(2) अभिकथन II सही है, किन्तु अभिकथन (I) सही नहीं है

(3) अभिकथन (I) व (II) दोनों सही हैं

(4) अभिकथन (I) व (II) दोनों सही नहीं हैं

9 Which is not the step involved in responsibility accounting ?

(1) Concern is divided into various centres.

(2) Targets of each responsibility centre are set.

(3) The charge of each responsibility centre is given to a manager.

(4) Change in the price level is a continuous process.

निम्न में से कौन सा कदम उत्तरदायित्व लेखांकन से सम्बन्धित नहीं है ?

(1) संस्था को विभिन्न केन्द्रों में विभाजित किया जाता है।

(2) प्रत्येक उत्तरदायित्व केन्द्र के लक्ष्य निर्धारित किये जाते हैं।

(3) प्रत्येक उत्तरदायित्व केन्द्र का प्रभार एक प्रबन्धक को दिया जाता है।

(4) मूल्य स्तर में परिवर्तन एक निरन्तर प्रक्रिया है।

10 Current purchasing power method is related to :

(1) Human Resource Accounting

(2) Social Accounting

(3) Responsibility Accounting

(4) Accounting for price level changes

वर्तमान क्रय शक्ति विधि सम्बन्धित है :

(1) मानव संसाधन लेखांकन से

(2) सामाजिक लेखांकन से

(3) उत्तरदायित्व लेखांकन से

(4) मूल्य स्तर में परिवर्तन के लिए लेखांकन से

11 A fixed asset purchased by a company for specific purpose for Rs. 25 lakh at the beginning of the year and it received government grant of Rs. 5 lakh on it. The asset has an effective life of 10 years. At which amount fixed asset is shown in the balance sheet at the end of first year as per AS-12 if first method is adopted ?

(1) Rs. 23 lakh

(2) Rs. 18 lakh

(3) Rs. 20 lakh

(4) Rs. 22.5 lakh

एक स्थायी सम्पत्ति जो 25 लाख रु. में विशिष्ठ उद्देश्य के लिए वर्ष के प्रारम्भ में खरीदी गई । इस पर 5 लाख रु. सरकारी अनुदान मिला । सम्पत्ति का प्रभावी जीवनकाल 10 वर्ष है । प्रथम वर्ष के अन्त में स्थायी सम्पत्ति चिट्ठे में किस मूल्य पर दिखाई जायेगी यदि लेखा मानक–12 की प्रथम विधि अपनायी जाती है ?

(1) 23 लाख रु.

(2) 18 लाख रु.

(3) 20 लाख रु.

(4) 22.5 लाख रु.

12 Present value of future earnings model is also called as :

(1) Saidler's Model

(2) Harmanson Model

(3) Lev and Schwartz Model

(4) Human Asset Multiplier Model

भावी अर्जन का वर्तमान मूल्य मॉडल भी कहलता हैं :

(1) सीडलर मॉडल

(2) हरमनसन मॉडल

(3) लेव व श्वार्ट्ज मॉडल

(4) मानव सम्पत्ति गुणक मॉडल

13 Given below are two statements, one labelled as Assertion (A) and other labelled as Reason (R) :

Assertion (A) : In factoring the risk of bad-debts is eliminated.

Reason (R) : The factoring institution takes over the responsibility of book-debts due to the client.

In the above two statements, which one alternative of the following is correct?

**Codes :**

(1) Both (A) and (R) are correct.

(2) Only (R) is correct, but (A) is incorrect.

(3) Only (A) is correct, but (R) is incorrect.

(4) Both (A) and (R) are incorrect.

नीचे दो कथन दिये गये हैं, एक को अभिकथन (A) और दूसरे को कारण (R) कहा गया है :

अभिकथन (A) : आठत (फैक्टरिंग) में डूबत ऋणों की जोखिम विलोपित हो जाती हैं।

कारण (R) : आठत (फैक्टरिंग) संस्थान ग्राहकों के पुस्तकीय ऋण की देयता निर्वहन करने का उत्तरदायित्व लेता है।

उपरोक्त दोनों कथनों में निम्नांकित में से कौन सा एक विकल्प सही है ?

कूट :

(1) (A) और (R) दोनों सही हैं।

(2) केवल (R) सही है, किन्तु (A) गलत है।

(3) केवल (A) सही है, किन्तु (R) गलत है।

(4) (A) और (R) दोनों गलत हैं।

14 The GDRs and ADRs can be listed on :

(1) New York Stock Exchange (NYSE)

(2) Over the Counter Exchange of India (OTCEI)

(3) Any of the Overseas Stock Exchanges

(4) Luxemburg Stock Exchange (LSE)

जी. डी. आर्स एवं ए. डी. आर्स को सूचीबद्ध किया जा सकता है :

(1) न्यूयॉर्क स्टॉक एक्सचेंज (NYSE) पर

(2) ओवर द काउंटर एक्सचेंज आफ इन्डिया (OTCEI) पर

(3) कोई भी ओवरसीज स्टॉक एक्सचेज पर

(4) लक्समबर्ग स्टॉक एक्सचेंज (LSE) पर

15 Statement I : Gold futures are same as e-gold.

Statement II : It is difficult to anticipate stock market movements, especially for the short term.

**Codes :**

(1) Both Statements are true.

(2) Statement II is true, but Statement I is false.

(3) Both Statements are false.

(4) Statement I is true, but Statement II is false.

कथन I : स्वर्णभावी व ई-स्वर्ण समान हैं।

कथन II : प्रतिभूति बाजार में विशेषतः अल्प काल में होने वाले विचलन का पूर्वाभास करना कठिन हैं।

कूट :

(1) दोनों कथन सही हैं।

(2) कथन II सही है लेकिन कथन I गलत है।

(3) दोनों कथन गलत हैं।

(4) कथन I सही है, जबकि कथन II गलत है।

16 DAGMAR approach in marketing is used to measure :

(1) Public relation (2) Advertising results

(3) Selling volume (4) Consumer satisfaction

विपणन के डी. ए. जी. एम. ए. आर. उपागम का प्रयोग यह मापने में किया जाता है :

(1) लोक सम्पर्क (2) विज्ञापन का परिणाम

(3) विक्रय परिमाण (4) उपभोक्ता संतुष्टि

17 Howard - Sueth model of consumer behaviour is popularly known as :

(1) Machine Model (2) Human Model

(3) Marketing Model (4) Purchase Model

उपभोक्ता व्यवहार सम्बन्धी हावर्ड-सुइथ मॉडल को अन्य लोक प्रसिद्ध नाम से जाना जाता है :

(1) मशीन मॉडल (2) मानव मॉडल

(3) विपणन मॉडल (4) क्रय मॉडल

18 To generate and facilitate any exchange intended to satisfy human needs or wants such that the satisfaction of these wants occur with minimal detrimental impact on the natural environment is known as :

(1) Aggressive marketing (2) Operating marketing

(3) Green marketing (4) All of the above

मानवीय आवश्यकताओं अथवा जरूरतों की तुष्टि के लिए किसी विनिमय को उत्पन्न करना और सुविधाजनक बनाना, जो ऐसी आवश्यकताओं की संतुष्टि करते हुए उसका प्राकृतिक पर्यावरण पर न्यूनतम दुष्प्रभाव हो, उसे जाना जाता है :

(1) आक्रामक विपणन (2) प्रचालक विपणन

(3) हरित विपणन (4) उपरोक्त सभी

19 Which element of the promotion mix do wholesalers generally apply to obtain their promotional objective ?

(1) Advertising (2) Personal Selling

(3) Trade Promotion (4) Direct Marketing

थोक विक्रेता अपने संवर्धनात्मक उद्देश्य को प्राप्त करने के लिए सामान्यतया कौन से संवर्धन मिश्रण के तत्व को प्रयुक्त करते हैं ?

(1) विज्ञापन (2) वैयक्तिक बिक्री

(3) व्यापार संवर्धन (4) प्रत्यक्ष विपणन

20 What is mass marketing ?

(1) Offering the same products and marketing mix to all consumers.

(2) Offering variety of products to the entire market.

(3) Offering differentiated products to all customers.

(4) Following concentrated marketing strategy.

जन (मास) विपणन क्या है ?

(1) सभी उपभोक्ताओं को एक जैसे उत्पाद तथा विपणन मिश्रण पेश करना।

(2) समस्त बाजार को विविध प्रकार के उत्पाद पेश करना।

(3) सभी ग्राहकों को भिन्न-भिन्न उत्पाद पेश करना।

(4) संकेन्द्रित विपणन युक्ति का पालन करना।

21 Match items in List - II with items in List - I :

| | List-I | | List-II |
|---|---|---|---|
| (I) | Mega Marketing | (a) | Advertising |
| (II) | Penetration Price | (b) | Kotler |
| (III) | Promotion Mix | (c) | Low Price |
| (IV) | Customer Satisfaction | (d) | Post Purchase Behaviour |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (I) | (II) | (III) | (IV) |
| (2) | (III) | (I) | (II) | (IV) |
| (3) | (IV) | (III) | (II) | (I) |
| (4) | (III) | (IV) | (I) | (II) |

सूची–II में दी मदों को सूची–I में दी मदों के साथ सुमेलित करें :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (I) | बृहद विपणन | (a) | विज्ञापन |
| (II) | बेधन कीमत | (b) | कोटलर |
| (III) | संवर्धन मिश्रण | (c) | न्यून कीमत |
| (IV) | ग्राहक संतुष्टि | (d) | क्रय पश्चात् व्यवहार |

**कूट :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (I) | (II) | (III) | (IV) |
| (2) | (III) | (I) | (II) | (IV) |
| (3) | (IV) | (III) | (II) | (I) |
| (4) | (III) | (IV) | (I) | (II) |

22 What is relevant to place variable of marketing mix ?

(1) Branding (2) Price penetration

(3) Sales personnel motivation (4) None of the above

विपणन मिश्रण के स्थान तत्व के लिये क्या प्रासंगिक है ?

(1) ब्रांडिंग (2) कीमत बेधन

(3) बिक्री कार्मिक अभिप्रेरणा (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

23 Find incorrect statement :

(1) Marketers arouse emotional motives.

(2) Marketers satisfy rational motives.

(3) Marketers formulate different sales promotions for different motives.

(4) None of the above

गलत कथन ज्ञात करें :

(1) विपणनकर्ता भावनात्मक उद्देश्य जागृत करते हैं।

(2) विपणनकर्ता विवेकपूर्ण उद्देश्यों को संतुष्ट करते हैं।

(3) विपणनकर्ता भिन्न उद्देश्यों के लिये भिन्न बिक्री संवर्धनों को बनाते हैं।

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

24 What is customer delight ?

(1) Performance equal to expectation

(2) Performance less than expectation

(3) Performance much more than expectation

(4) Expectation more than performance

उपभोक्ता प्रसन्नता क्या है ?

(1) प्रत्याशा के बराबर निष्पादनता

(2) प्रत्याशा से कम निष्पादनता

(3) प्रत्याशा से कहीं अधिक निष्पादनता

(4) निष्पादनता से अधिक प्रत्याशा

25 Which terms are often used inter-changeably in marketing literature ?

(1) Concept, method, philosophy

(2) Concept, approach, technique

(3) Orientation, concept, philosophy

(4) Philosophy, system, concept

विपणन साहित्य में किन शब्दों का प्रायः अन्तरपरिवर्तन रूप में उपयोग किया जाता हैं ?

(1) अवधारणा, पद्धति, दर्शन

(2) अवधारणा, उपागम, तकनीक

(3) उन्मुखीकरण, अवधारणा, दर्शन

(4) दर्शन, प्रणाली, अवधारणा

26 The third stage in the consumer-buying decision process is :

(1) Evaluation of alternatives (2) Information search

(3) Purchase decision (4) None of the above

उपभोक्ता--खरीद निर्णय प्रक्रिया में तीसरी अवस्था है :

(1) विकल्पों का मूल्यांकन (2) सूचना की तलाश

(3) खरीद का निर्णय (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

27 Industrial buyers are likely to be most responsive to ______ appeal.

(1) Emotional (2) Moral

(3) Rational (4) Cognitive

औद्योगिक क्रेतागण इस आग्रह के प्रति सर्वाधिक प्रतिक्रियाशील होते हैं :

(1) संवेदनात्मक (2) नैतिक

(3) युक्तियुक्त (4) संज्ञानात्मक

28 Which segmentation approach is most compatible with the spirit of marketing concept ?

(1) Benefit sought (2) Income

(3) Social class (4) Family size

कौन सा बाजार खण्डीकरण विधि, विपणन की अवधारणा के भाव से सर्वाधिक अनुकूल है ?

(1) अपेक्षित लाभ (2) आय

(3) सामाजिक वर्ग (4) परिवार का आकार

**29** In India, which pricing practise is not permissible ?

(1) Penetration Pricing (2) Skimming Pricing

(3) Predatory Pricing (4) None of the above

भारत में, किस कीमत निर्धारण प्रणाली की अनुमति नहीं है ?

(1) वेधन कीमत निर्धारण (2) मंथन कीमत निर्धारण

(3) शिकारी कीमत निर्धारण (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**30** Who propounded the concept of 'Marketing Myopia' ?

(1) Theodore Levitt (2) Peter F. Drucker

(3) C. K. Prahlad (4) Michael Porter

विपणन अदीर्घदृष्टि का सिद्धान्त किसने दिया ?

(1) थियोडोर लेविट (2) पीटर एफ. ड्रकर

(3) सी. के. प्रह्लाद (4) माइकल पोर्टर

**31** Performance appraisal requires :

(1) Morale boosting (2) Training and development activity

(3) Job analysis (4) None of the above

निष्पादन मूल्यांकन के लिए आवश्यक है :

(1) मनोबल बढ़ाना (2) प्रशिक्षण एवं विकास गतिविधि

(3) कार्य विश्लेषण (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**32** The mechanism to identify employee's growth potentials is done through :

(1) Job enrichment (2) Job evaluation

(3) Assessment centre (4) Position Description

कर्मचारी के प्रभावी विकास की पहचान निम्नलिखित के जरिये की जाती है :

(1) कार्य संवर्द्धन (2) कार्य मूल्यांकन

(3) मूल्यांकन केन्द्र (4) पद स्थिति विवरण

**33** Statements :

(a) High morale always leads to high productivity.

(b) High morale need not necessarily lead to high productivity.

(1) (a) is correct, (b) is incorrect

(2) (a) is incorrect, (b) is correct

(3) (a) and (b) both are correct

(4) (a) and (b) both are incorrect

कथन :

(a) उच्च मनोबल हमेशा उच्च उत्पादकता की ओर प्रवृत्त करता है।

(b) उच्च मनोबल अनिवार्यतः उच्च उत्पादकता की ओर प्रवृत्त नहीं करता है।

(1) (a) सही है और (b) गलत है।

(2) (a) गलत है और (b) सही है।

(3) (a) और (b) दोनों सही हैं।

(4) (a) और (b) दोनों गलत हैं।

**34** Arrange the following in order :

(i) Promotion

(ii) Performance appraisal

(iii) Recruitment

(iv) Training and development

**Codes :**

(1) (iii), (iv), (i), (ii)

(2) (iii), (ii), (i), (iv)

(3) (i), (ii), (iii), (iv)

(4) (iii), (iv), (ii), (i)

निम्नांकित को क्रमानुसार व्यवस्थित करें :

(i) पदोन्नति

(ii) कार्य निष्पादन का मूल्यांकन

(iii) भर्ती

(iv) प्रशिक्षण एवं विकास

कूट :

(1) (iii), (iv), (i), (ii)

(2) (iii), (ii), (i), (iv)

(3) (i), (ii), (iii), (iv)

(4) (iii), (iv), (ii), (i)

**35** The concept of Quality circles is a brain child of :

(1) Karou Ishikawa

(2) Munchu

(3) Japanese union for Scientists and Engineers

(4) None of the above

गुणवत्ता चक्र की अवधारणा प्रतिपादित की है :

(1) कारो इशिकावा

(2) मंचु

(3) जापानी वैज्ञानिक एवं अभियंता संघ

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

**36** Match the items of **List-I** with items of **List-II** :

| **List-I** | | **List-II** | |
|---|---|---|---|
| (I) | Hygiene theory | (a) | Abraham H. Maslow |
| (II) | Theory 'X' and 'Y' | (b) | Victor Vroom |
| (III) | Expectancy theory | (c) | Fredrick Herzberg |
| | | (d) | Doughles McGregor |

**Codes :**

| | (I) | (II) | (III) |
|---|---|---|---|
| (1) | (c) | (d) | (b) |
| (2) | (a) | (d) | (b) |
| (3) | (c) | (b) | (d) |
| (4) | (a) | (b) | (d) |

सूची–**I** तथा सूची–**II** के मदों को मिलाइये :

| **सूची–I** | | **सूची–II** | |
|---|---|---|---|
| (I) | स्वस्थ्य सिद्धान्त | (a) | अब्राहम एच. मास्लो |
| (II) | "एक्स" तथा "वाई" सिद्धान्त | (b) | विक्टर व्रूम |
| (III) | प्रत्याशा सिद्धान्त | (c) | फ़ेडरिक हर्ज़बर्ग |
| | | (d) | डगलस मैकग्रेगर |

**कूट :**

| | (I) | (II) | (III) |
|---|---|---|---|
| (1) | (c) | (d) | (b) |
| (2) | (a) | (d) | (b) |
| (3) | (c) | (b) | (d) |
| (4) | (a) | (b) | (d) |

**37** The last stage in a grievance redressal procedure is handled by :

(1) Trade Union (2) Voluntary Arbitrator

(3) H. R. Department (4) Grievance Committee

परिवेदना निवारण की अंतिम अवस्था का निराकरण करता है :

(1) मजदूर संघ (2) ऐच्छिक पंचनिर्णायक

(3) मानव संसाधन विभाग (4) परिवेदना समिति

**38** Match the following :

(a) Maslow (i) Hygiene Theory

(b) Herzberg (ii) X and Y Theory

(c) Ouchi (iii) Need Hierarchy Theory

(d) McGregor (iv) Z theory

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

निम्नलिखित का मिलान करें :

(a) मास्लो (i) आरोग्य सिद्धान्त

(b) हर्ज़बर्ग (ii) X और Y सिद्धान्त

(c) आउची (iii) आवश्यकता अनुक्रम सिद्धान्त

(d) मैकग्रेगर (iv) Z सिद्धान्त

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (3) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (4) | (iii) | (i) | (iv) | (ii) |

39 Which of the following steps are essential in staffing process ?

(a) Hiring the right kind of people.

(b) Firing the non-performing employees.

(c) Developing skills of the employees through training.

(d) Collective Bargaining.

(e) Maintaining the employees by creating favourable conditions of work.

**Codes :**

(1) (a), (c) and (e)

(2) (a), (b) and (c)

(3) (c), (d) and (e)

(4) (b), (c) and (d)

निम्नलिखित में से कौन से सोपान स्टाफिंग प्रक्रिया में आवश्यक हैं ?

(a) सही प्रकार के लोगों को भर्ती करना।

(b) गैर-निष्पादन कर्मचारियों को निकाल देना।

(c) प्रशिक्षण के जरिये कर्मचारियों के कौशल को विकसित करना।

(d) सामूहिक सौदेबाजी।

(e) कार्य की अनुकूल स्थितियाँ उत्पन्न करके कर्मचारियों को बनाये रखना।

कूट :

(1) (a), (c) और (e)

(2) (a), (b) और (c)

(3) (c), (d) और (e)

(4) (b), (c) और (d)

40 The authoritarian leadership style goes with :

(1) Theory X (2) Theory Y

(3) Theory Z (4) None of these

अधिकारवादी नेतृत्व शैली निम्नलिखित में से किसके साथ मेल खाती है ?

(1) थ्योरी X (2) थ्योरी Y

(3) थ्योरी Z (4) इनमें से कोई नहीं

41 The general pattern of behaviour, shared belief and values that members have in common is known as :

(1) Organisation Climate (2) Organisation Culture

(3) Organisation Effectiveness (4) Organisation Matrix

संगठन में व्यवहार, आपसी धारणाओं और मूल्यों का सामान्य पैटर्न जो कि सदस्यों के बीच सर्वसामान्य है। यह कहलाता है :

(1) संगठन का वातावरण (2) संगठन की संस्कृति

(3) संगठन की प्रभावशीलता (4) संगठन का साँचा

42 Which of the following is not a principle of management according to Henry Fayol ?

(1) Subordination of individual interest over the organisational interest

(2) Espirit de Corpse

(3) Unity of Managers

(4) Unity of Directions

हेनरी फेयोल के अनुसार निम्नलिखित में से कौन सा प्रबन्ध का सिद्धान्त नहीं है ?

(1) व्यक्तिगत हित के स्थान पर संगठनात्मक हित की वरीयता

(2) दल भावना

(3) प्रबन्धकों की एकता

(4) निर्देशन की एकता

43 Which of the following is suggested by Blake and Mouton as the best leadership behaviour ?

(1) have concern for people but high concern for production

(2) have concern for both people and production

(3) high concern for both people and production

(4) high concern for people and low concern for production

ब्लेक एवं मोटन द्वारा सर्वश्रेष्ठ नेतृत्व व्यवहार निम्नलिखित में से किसे बताया गया है ?

(1) लोगों के लिये सरोकार परन्तु उत्पादन के लिए अधिक सरोकार

(2) लोगों और उत्पादन दोनों के लिये सरोकार

(3) लोगों और उत्पादन दोनों के लिये ही अधिक सरोकार

(4) लोगों के लिये अधिक सरोकार और उत्पादन के लिये कम सरोकार

44 In which method of training, job conditions are duplicated with equipments and machines which are identical with those used at the work place ?

(1) On the job training (2) Apprenticeship training

(3) Vestibule training (4) Internship training

प्रशिक्षण की किस पद्धति में, कार्यस्थल पर उपयोग किये जाने वाले उपकरणों एवं मशीनों के समरूप उपकरणों एवं मशीनों के साथ कार्य स्थितियाँ दोहराई जाती है ?

(1) ऑन-दी-जॉब प्रशिक्षण (2) अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण

(3) वेस्टीब्यूल प्रशिक्षण (4) इनटर्नशिप प्रशिक्षण

45 The Indian Factories Act was passed in ________.

(1) 1948 (2) 1952

(3) 1936 (4) 1960

भारतीय कारखाना अधिनियम ________ में पारित हुआ।

(1) 1948 (2) 1952

(3) 1936 (4) 1960

46 Which of the following is not a route of foreign direct investment ?

(1) Government approval (2) FIPB

(3) FIIA (4) None of the above

निम्न में से कौन सा प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का मार्ग नहीं है ?

(1) सरकारी स्वीकृति (2) एफ आई पी बी

(3) एफ आई आई ए (4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

47 Vertical foreign direct investment is related with :

(1) Particular stages of production

(2) All stages of production

(3) No stage of production

(4) Short term production

लम्बवत् प्रत्यक्ष विदेशी निवेश सम्बंधित होता है :

(1) उत्पादन की विशिष्ट अवस्थाओं से

(2) उत्पादन की सभी अवस्थाओं से

(3) उत्पादन की किसी अवस्था से नहीं

(4) अल्पकालीन उत्पादन से

48 Intra-firm is trade among :

(1) Two multinational corporations

(2) Parent firm and its foreign affiliates

(3) Two firms

(4) All of the above

भीतर (Intra) फर्म व्यापार होता है :

(1) दो बहुराष्ट्रीय निगमों के मध्य

(2) पैतृक फर्म एवं इसकी विदेशी सहयोगियों के मध्य

(3) दो फर्मों के मध्य

(4) उपर्युक्त सभी

49 Tick out wrong match from the following :

(1) Economic Union - ECM

(2) Custom Union - EEC

(3) Free Trade Area - LAFTA

(4) Economic Union - EEC

निम्नलिखित में से गलत सुमेलित को चिन्हित कीजिए :

(1) आर्थिक संगठन – ई सी एम

(2) तटकर संगठन – ई ई सी

(3) मुक्त व्यापार क्षेत्र – एल ए एफ टी ए

(4) आर्थिक संगठन – ई ई सी

50 Which of the following statement is incorrect about the objectives of SAARC ?

(1) It promotes only economic welfare

(2) It promotes collective self reliance

(3) It develops regional free trade

(4) It promotes socio-economic-cultural welfare

निम्न में से कौन सा कथन सार्क के उद्देश्यों के सम्बन्ध में गलत है ?

(1) यह केवल आर्थिक कल्याण को प्रोत्साहित करता है।

(2) यह सामूहिक आत्मनिर्भरता को प्रोत्साहित करता है।

(3) यह क्षेत्रीय मुक्त व्यापार का विकास करता है।

(4) यह सामाजिक-आर्थिक-सांस्कृतिक कल्याण को प्रोत्साहित करता है।

**51** Agreement on Agriculture (AOA) in WTO provisions does not include :

(1) Market access (2) Domestic support

(3) Export subsidy (4) Specific subsidy

डब्ल्यू. टी. ओ. प्रावधानों में कृषि पर समझौता (AOA) में सम्मिलित नहीं है :

(1) बाजार पहुँच (2) घरेलू सहयोग

(3) निर्यात अनुदान (4) विशिष्ट अनुदान

**52** NAMA in WTO provisions is related with :

(1) TRIPS (2) TRIMS

(3) Agriculture (4) Public health

डब्ल्यू. टी. ओ. प्रावधानों में नामा (NAMA) सम्बंधित है :

(1) ट्रिप्स (TRIPS) से (2) ट्रिम्स (TRIMS) से

(3) कृषि से (4) जन स्वास्थ्य से

**53** In foreign exchange forward premium a discount can be calculated by the formula :

(1) $\frac{FR - SR}{SR} \times 4 \times 100$ (2) $\frac{FR - SR}{FR} \times 4 \times 100$

(3) $\frac{FR - SR}{SR} \times 12 \times 100$ (4) $\frac{FR - SR}{FR} \times 12 \times 100$

विदेशी विनिमय में अग्रिम प्रीमियम या बट्टे की जिस सूत्र से गणना की जा सकती है, वह है :

(1) $\frac{FR - SR}{SR} \times 4 \times 100$ (2) $\frac{FR - SR}{FR} \times 4 \times 100$

(3) $\frac{FR - SR}{SR} \times 12 \times 100$ (4) $\frac{FR - SR}{FR} \times 12 \times 100$

54 Which of the following is not true about speculation in foreign exchange ?

(1) It is opposite of hedging.

(2) It is similar to hedging.

(3) It is carried out to make profit with risk.

(4) None of the above

विदेशी विनिमय में सट्टे के सम्बन्ध में निम्न में कौन सा सत्य नहीं है ?

(1) यह प्रतिरक्षण के विपरीत है।

(2) यह प्रतिरक्षण के समरूप है।

(3) यह जोखिम सहित लाभ अर्जन के लिए किया जाता है।

(4) उपर्युक्त में से कोई नहीं

55 In India full convertibility of rupee was allowed from 1994 in :

(1) Capital account

(2) Current account

(3) Both in Capital and Current account

(4) No full convertibility was allowed

भारत में 1994 में रुपये की पूर्ण परिवर्तनशीलता स्वीकृत की गई थी :

(1) पूँजी खाते में

(2) चालू खाते में

(3) पूँजी तथा चालू खाते दोनों में

(4) पूर्ण परिवर्तनशीलता स्वीकृत नहीं की गई थी

56 The 'J Curve Effect' in foreign exchange is related with :

(1) Exchange of currency (2) Devaluation of currency

(3) Transfer of currency (4) Convertibility of currency

विदेशी विनिमय में 'जे वक्र प्रभाव' सम्बंधित होता है :

(1) मुद्रा के विनिमय से (2) मुद्रा के अवमूल्यन से

(3) मुद्रा के हस्तान्तरण से (4) मुद्रा की परिवर्तनशीलता से

57 All transactions of current and capital accounts of balance of payments are known as :

(1) Accommodating transactions

(2) Non-exchange transactions

(3) Autonomous transactions

(4) Non-autonomous transactions

भुगतान संतुलन में चालू खाते एवं पूँजी खाते में होने वाले व्यवहारों को जाना जाता है :

(1) समायोजन व्यवहार के रूप में

(2) गैर विनिमय व्यवहारों के रूप में

(3) स्वायत्त व्यवहारों के रूप में

(4) गैर स्वायत्त व्यवहारों के रूप में

58 Which committee designed the derivative trading in India ?

(1) R. Rangarajan Committee

(2) L. C. Gupta Committee

(3) Malhotra Committee

(4) Narsimaham Committee

भारत में व्युतपादन के व्यापार का प्रारूप किस समिति ने निर्धारित किया था ?

(1) आर. रंगराजन समिति

(2) एल. सी. गुप्ता समिति

(3) मल्होत्रा समिति

(4) नरसिमहम् समिति

59 Which of the following is not correct about derivatives ?

(1) They are highly leveraged.

(2) They are low leveraged.

(3) Based on price of underlying asset.

(4) They are financial contracts.

निम्न में से कौन सा व्युतपादन के बारे में सही नहीं है ?

(1) ये अत्यधिक उत्तोलित होते हैं।

(2) ये निम्न उत्तोलित होते हैं।

(3) अन्तर्निहित परिसम्पत्ति की कीमत पर आधारित।

(4) ये वित्तीय अनुबन्ध होते हैं।

60 Which of the following is not correct about foreign institutional investors ?
(1) They help to develop capital market
(2) They provide stable investment in economy
(3) They mainly provide portfolio investment
(4) They provide short and medium term finance

निम्न में से कौन सा विदेशी संस्थागत विनियोक्ताओं के सम्बन्ध में सही नहीं है ?
(1) ये पूँजी बाजार के विकास में सहायक होते हैं।
(2) ये अर्थव्यवस्था में स्थिर विनियोग प्रदान करते हैं।
(3) ये मूलतः पोर्टफोलियों विनियोग प्रदान करते हैं।
(4) ये अल्पकालीन एवं मध्यम कालीन वित्त प्रदान करते है।

61 Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| (a) | Sec. 80 RRB of I.T. Act, 1961 | (i) | Individual |
| (b) | Sec. 80 E of I.T. Act, 1961 | (ii) | Individual resident |
| (c) | Sec. 80 C of I.T. Act, 1961 | (iii) | All assessee |
| (d) | Sec. 80 G of I.T. Act, 1961 | (iv) | Individual and HUF assessee |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

सूची-I को सूची-II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| | सूची-I | | सूची-II |
|---|---|---|---|
| (a) | धारा 80 RRB आयकर अधिनियम, 1961 | (i) | व्यष्टि |
| (b) | धारा 80 E आयकर अधिनियम, 1961 | (ii) | निवासी व्यष्टि |
| (c) | धारा 80 C आयकर अधिनियम, 1961 | (iii) | सभी करदाता |
| (d) | धारा 80 G आयकर अधिनियम, 1961 | (iv) | व्यष्टि व हिन्दु अविभाजित परिवार करदाता |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (2) | (iv) | (iii) | (ii) | (i) |
| (3) | (ii) | (i) | (iv) | (iii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (i) | (ii) |

62 Match List I with List II and select the correct answer using the codes given below the lists :

| | List I | | List II |
|---|---|---|---|
| (a) | Sec. 288 B of I.T. Act, 1961 | (i) | rounding off tax |
| (b) | Sec. 132 of I.T. Act, 1961 | (ii) | computation of tax on winning of lottery, cross-word puzzles etc. |
| (c) | Sec. 115 BB of I.T. Act, 1961 | (iii) | computation of tax in search cases on the basis of block assessment |
| (d) | Sec. 111 A of I.T. Act, 1961 | (iv) | computation of tax on short-term capital gains of listed equity shares and units of equity oriented funds. |

**Codes :**

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

सूची–I को सूची–II से सुमेलित कीजिये और नीचे दिये गये कूटों की सहायता से सही उत्तर का चयन करें :

| | सूची–I | | सूची–II |
|---|---|---|---|
| (a) | आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 288 B | (i) | आयकर राशि को पूर्णांकित करना |
| (b) | आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 132 | (ii) | लाटरी जीतने, वर्ग पहेली आदि से आय पर कर की गणना |
| (c) | आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 115 BB | (iii) | तलाशी की दशा में समूह कर निर्धारण के आधार पर कर की गणना |
| (d) | आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 111 A | (iv) | सूचीबद्ध समता अंशों एवं समता उन्मुखी कोष की इकाईयों के अल्पकालीन पूँजी लाभ की गणना |

कूट :

| | (a) | (b) | (c) | (d) |
|---|---|---|---|---|
| (1) | (i) | (iii) | (ii) | (iv) |
| (2) | (i) | (ii) | (iii) | (iv) |
| (3) | (iv) | (iii) | (i) | (ii) |
| (4) | (iii) | (iv) | (ii) | (i) |

63 Statement I : Family pension received by the family members of Govt. employee is fully exempted irrespective of amount received.

Statement II : After fulfilling certain conditions capital gain arises on the transfer of urban agricultural land is exempted U/S 10 (37).

**Codes :**

(1) Both statements are fully correct.

(2) Statement I is partly correct and II is fully correct.

(3) Both statements are false.

(4) Statement I is true and II is false.

कथन I : एक सरकारी कर्मचारी के परिवार के सदस्यों द्वारा प्राप्त पारिवारिक पेंशन, प्राप्त राशि को ध्यान दिये बिना, पूर्णतया कर मुक्त है।

कथन II : शहरी कृषि भूमि के हस्तान्तरण पर उत्पन्न पूँजी लाभ धारा 10 (37) के अन्तर्गत आवश्यक शर्तें पूरी करने पर करमुक्त हैं।

कूट :

(1) दोनों कथन पूर्णतया सही हैं।

(2) कथन I आंशिक सही है, कथन II पूर्ण सही है।

(3) दोनों कथन गलत हैं।

(4) कथन I सही है, कथन II गलत है।

64 Ex-parte assessment is called as :

(1) Best judgement assessment

(2) Re-assessment

(3) Scrutiny assessment on the basis of evidence

(4) Self assessment

एक-पक्षीय कर निर्धारण कहलाता है :

(1) सर्वोत्तम कर निर्धारण

(2) पुनः कर निर्धारण

(3) दिये गये प्रमाणों के आधार पर कर निर्धारण

(4) स्वयं कर निर्धारण

65 Uncovered loss from business and profession for the previous year 2012-13 is Rs. 2 lakh. Assessee filed his return on 31 December 2013. In how may years such business and profession loss can be carry-forward for set-off ?

(1) 8 years (2) 4 years

(3) 2 years (4) Cannot be carry-forward

गत वर्ष 2012-13 में व्यापार व पेशे से अपूरित हानि 2 लाख रु. हैं। करदाता ने दिनांक 31 दिसम्बर 2013 को अपना आय का नक्शा दाखिल किया हैं। व्यापार व पेशे की यह हानि आगे ले जाकर कितने वर्षों में पूरी कर सकेंगें ?

(1) 8 वर्ष (2) 4 वर्ष

(3) 2 वर्ष (4) आगे नहीं ले जायी जा सकती हैं

66 Mr. X is the owner of 4 trollas (capacity 16000 kg. each) and 5 truck (capacity 8000 kg. each) on 1-4-12. He sold 2 trollas on 5-5-12. His receipts from freight were Rs. 8 lakh and his operating expenses excluding depreciation Rs. 3 lakh for the year. Depreciation as per Income Tax Act Rs. 80,000. What will be presumptive profits under Section 44 AE of the Income Tax Act, 1961 for the assessment year 2013-14 ?

(1) Rs. 2,70,000 (2) Rs. 4,20,000

(3) Rs. 4,10,000 (4) Rs. 4,00,000

श्री एक्स 4 ट्रोला (प्रत्येक की क्षमता 16000 किलो) व 5 ट्रक (प्रत्येक की क्षमता 8000 किलो) का दिनांक 1-4-12 को स्वामी हैं। उसने दो ट्रोला दिनांक 5-5-12 को बेच दिये। उसकी वर्ष की प्राप्तियाँ 8 लाख रु. व परिचालन खर्चे मूल्य ह्रास को छोडकर 3 लाख रु. तथा आयकर विधान के अनुसार मूल्य ह्रास 80,000 रु. था। आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 44 AE के अन्तर्गत उसका परिकल्पित लाभ, कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए कितना होगा ?

(1) 2,70,000 रु. (2) 4,20,000 रु.

(3) 4,10,000 रु. (4) 4,00,000 रु.

67 Which of the following income is/are exempted under Section 10 of Indian Income Tax Act, 1961 for a resident individual ?

(1) Indian agricultural income

(2) Share of profit from a firm whose assessment is made separately.

(3) Amount received out of income of HUF as a member

(4) All of the above

निम्नांकित में से कौनसी आय/आयें भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 10 के अन्तर्गत एक निवासी व्यष्टि को करमुक्त हैं ?

(1) भारतीय कृषि आय

(2) फर्म के लाभों में हिस्सा, जिसका कर निर्धारण पृथक से होता हैं।

(3) हिन्दु अविभाजित परिवार के सदस्य को परिवार की आय से प्राप्त राशि

(4) उपरोक्त सभी

68 Mr. A a resident Indian donate Rs. 12,000 in cash to an approved eligible charitable institution on 1-6-12. His adjusted gross total income for this purpose Rs. 4 lakh. Calculate amount of deduction under Section 80 G for the previous year 2012-13.

(1) deduction is not allowed (2) Rs. 6,000

(3) Rs. 12,000 (4) None of the above

निवासी भारतीय 'ए' ने 12,000 रु. नगद एक योग्य अनुमोदित पुण्यार्थ संस्था को दिनांक 1-6-12 को दान दिया। उसकी इस उद्देश्य के लिए समायोजित कुल आय 4 लाख रु. है। धारा 80 जी के अन्तर्गत गत वर्ष 2012-13 में दी जाने वाली कटौती की राशि बताओ ।

(1) कटौती स्वीकृत नहीं (2) 6,000 रु.

(3) 12,000 रु. (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

69 Deduction under Section 80 P of Indian Income Tax Act, 1961 is available to :

(1) an individual and HUF only
(2) a company assessee
(3) a firm only
(4) a co-operative society

भारतीय आयकर अधिनियम, 1961 की धारा 80 पी के अन्तर्गत कटौती दी जाती है :

(1) केवल एक व्यष्टि व हिन्दु अविभाजित परिवार
(2) एक कम्पनी करदाता
(3) एक फर्म करदाता
(4) एक सहकारी समिति

70 An individual assessee who has income from salary, capital gain and other sources for the previous year 2012-13 is eligible for submission of his return of income in which prescribed form ?

(1) ITR - 2 (2) ITR - 1 / Sahaz
(3) ITR - 4 (4) ITR - 4S / Sugam

एक व्यष्टि करदाता जिसकी गत वर्ष 2012-13 में वेतन, पूँजी लाभ व अन्य साधनों से आय हैं वह अपना आय का नक्शा प्रस्तुत करने के लिए किस निर्धारित फार्म भरने हेतु अधिकृत है ?

(1) आई. टी. आर. – 2 (2) आई. टी. आर. – 1 / सहज
(3) आई. टी. आर. – 4 (4) आई. टी. आर. – 4S / सुगम

71 In case of failure to file the return on or before due date, but it is filed before expiry of one year from the end of relevant assessment year is called as :

(1) Revised return (2) Defective return
(3) Belated return (4) None of the above

यदि कोई करदाता आय का नक्शा दाखिल करने की अन्तिम तिथि को या उससे पूर्व नक्शा दाखिल करने से चूक जाता है किन्तु सम्बन्धित कर निर्धारण वर्ष के समाप्ति के बाद एक वर्ष के भीतर आय का नक्शा दाखिल कर देता हैं तो वह कहलाता है :

(1) संशोधित नक्शा (2) दोषपूर्ण नक्शा
(3) देरी से विवरणी दाखिल करना (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

72 An urban agriculture land of an individual compulsorily acquired by State government and compensation is given to him Rs. 20 lakh on dated 12.12.12. The land was purchased for Rs. 4,63,000 on 10.2.04. Calculate the amount of taxable long term capital gain for the assessment year 2013-14. If cost inflation index for 2003-04, 04-05 and 12-13 are 463, 480 and 852 respectively.

(1) Rs. 11,48,000 (2) Rs. 15,00,000

(3) Zero (4) None of the above

एक व्यष्टि करदाता की शहरी कृषि भूमि राज्य सरकार द्वारा अधिगृहित कर दिनांक 12.12.12 को 20 लाख रु. मुआवजा दिया गया। उक्त भूमि दिनांक 10.2.04 को 4,63,000 रु. में खरीदी थी। कर निर्धारण वर्ष 13-14 के लिए दीर्घकालीन पूँजी लाभ की राशि ज्ञात करो यदि लागत प्रसार सूचकांक वर्ष 2003-04, 2004-05 व 2012-13 के क्रमशः 463, 480 व 852 हैं ।

(1) 11,48,000 रु. (2) 15,00,000 रु.

(3) शून्य (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

73 Mr. B purchases 1,000 equity shares of Rs. 10 each of X Ltd. on 1-6-12 at Rs. 54 per share and sold on 1-9-12 at Rs. 46 per share. X Ltd. declares 50% dividend for which record data was 3-8-12. What amount of short term capital loss eligible for set-off from this transaction ?

(1) Rs. 8,000 (2) Rs. 3,000

(3) Rs. 5,000 (4) None of the above

श्री बी ने 1,000 साधारण अंश 10 रु. वाले एक्स लि. के दिनांक 1-6-12 को 34 रु. प्रति अंश की दर पर खरीदे तथा दिनांक 1-9-12 को 46 रु. प्रति अंश की दर पर बेच दिये। एक्स लि. ने 50% लाभांश घोषित किया जिसके लिए रिकार्ड तिथि 3-8-12 थी। इस व्यवहार से अल्पकालीन पूँजी हानि की वह राशि बताइये जो पूर्ति करने के योग्य है :

(1) 8,000 रु. (2) 3,000 रु.

(3) 5,000 रु. (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

74 If the book profit of a partnership firm is Rs. 1,60,000, the remuneration admissible to working partners under Section 40 (b) of the Income Tax Act, 1961 is :

(1) Rs. 1,44,000 (2) Rs. 1,50,000

(3) Rs. 1,60,000 (4) None of the above

यदि साझेदारी फर्म का पुस्तकीय लाभ 1,60,000 रु. है तथा आयकर अधिनियम, 1961 के अन्तर्गत धारा 40 (b) में कार्यशील साझेदारी को देय है, तो उनका पारिश्रमिक होगा :

(1) 1,44,000 रु. (2) 1,50,000 रु.

(3) 1,60,000 रु. (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

75 If taxable income of a domestic company for the Assessment Year 2013-14 is Rs. 90,00,000, its tax liability will be :

(1) Rs. 27,81,000 (2) Rs. 37,08,000

(3) Rs. 29,20,050 (4) None of the above

यदि घरेलू कम्पनी की कर योग्य आय कर निर्धारण वर्ष 2013-14 के लिए 90,00,000 रु. हैं, तो उसकी करदेयता होगी :

(1) 27,81,000 रु. (2) 37,08,000 रु.

(3) 29,20,050 रु. (4) उपरोक्त में से कोई नहीं

SPACE FOR ROUGH WORK / कच्चे काम के लिये जगह